भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2165

दिनांक 4 मार्च, 2020 को उत्तर दिए जाने के लिए

## निर्यात में गिरावट

**2165. श्री ज्योतिर्मय सिंह महतोः**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विगत दो वर्षों के दौरान निर्यात में गिरावट आई है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और वर्तमान में महीने–वार और क्षेत्र–वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा निर्यात को बढ़ावा देने और विदेशी मुद्रा बढ़ाने के लिए क्या कार्रवाई की गई है?

**उत्तर**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री**
**(श्री पीयूष गोयल)**

**(क) और (ख):** पिछले तीन वर्षों और मौजूदा वर्ष के दौरान भारत के व्यापारिक वस्तुओं का निर्यात निम्नानुसार हैः

| वर्ष | निर्यात (अमेरिकी बिलियन डॉलर में) | प्रतिशत परिवर्तन | निर्यात (अमेरिकी बिलियन डॉलर में) पेट्रोलियम उत्पाद और रत्न एवं आभूषण को छोड़कर | प्रतिशत परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|
| 2016–17 | 275.85 | – | 200.89 | – |
| 2017–18 | 303.53 | 10.03 | 224.51 | 11.77 |
| 2018–19 | 330.07 | 8.75 | 243.27 | 8.35 |
| 2018–19 (अप्रैल–जनवरी) | 270.49 | – | 197.59 | – |
| 2019.20 (अप्रैल–जनवरी)* | 265.26 | –1.93 | 197.60 | 0.01 |

स्रोतः डीजीसीआईएंडएस *अनंतिम

उपर्युक्त तालिका से प्रदर्शित होता है कि भारत के व्यापारिक वस्तुओं का निर्यात वर्ष 2016–17 में 275.85 अमेरिकी बिलियन डॉलर से बढ़कर वर्ष 2017–18 में 303.53 अमेरिकी बिलियन डॉलर और वर्ष 2018–19 में 330.07 अमेरिकी बिलियन डॉलर हो गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10.03 और 8.75 प्रतिशत की सकारात्मक वृद्धि दर्ज करता है। पेट्रोलियम उत्पाद और रत्न एवं आभूषण को छोड़कर भारत के व्यापारिक वस्तुओं का निर्यात वर्ष 2016–17 में 200.89 अमेरिकी बिलियन डॉलर से बढ़कर वर्ष 2017–18 में 224.51 अमेरिकी बिलियन डॉलर और वर्ष 2018–19 में 243.27 अमेरिकी बिलियन डॉलर हो गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 11.77 प्रतिशत और 8.75 प्रतिशत की सकारात्मक वृद्धि दर्ज करता है और मौजूदा वर्ष (अप्रैल 2019 से जनवरी 2020) के दौरान 0.01 प्रतिशत की सकारत्मक वृद्धि हुई है। मौजूदा वर्ष (अप्रैल 2019 से जनवरी 2020) हेतु माह–वार और क्षेत्र–वार व्यापारिक वस्तुओं का निर्यात **अनुलग्नक–I** पर है।

**(ग):** भारत के निर्यात को बढ़ावा देने और विदेशी मुद्रा को बढ़ाने के क्रम में, सरकार द्वारा उठाएं गए कुछ कदम निम्नानुसार हैं:–

(i) नई विदेश व्यापार नीति (एफटीपी), 2015–20 का प्रारंभ 1 अप्रैल, 2015 को किया गया था। इस नीति में अन्य बातों के साथ–साथ पूर्व की निर्यात संवर्धन स्कीमों को तर्कसंगत बनाया गया और दो नई स्कीमें अर्थात माल के निर्यात में सुधार लाने के लिए भारत के व्यापारिक वस्तुओं के निर्यात की स्कीम (एमईआईएस) और सेवाओं के निर्यात में वृद्धि करने के लिए 'भारत से सेवा निर्यात की स्कीम (एसईआईएस)' आरंभ की गई। इन स्कीमों के अंतर्गत जारी ड्यूटी क्रेडिट स्क्रिपों को पूर्ण रूप से हस्तांतरणीय बनाया गया।

(ii) विदेश व्यापार नीति 2015–20 की 5 दिसम्बर, 2017 को की गई मध्यावधि समीक्षा के आधार पर श्रम सघन/एमएसएमई क्षेत्रों के लिए प्रोत्साहन राशि में 2 प्रतिशत की वृद्धि की गई।

(iii) लाजिस्टिक्स क्षेत्र के एकीकृत विकास के लिए वााणिज्य विभाग में एक नए लाजिस्टिक्स प्रभाग का सृजन किया गया। विश्व बैंक के लाजिस्टिक्स कार्यनिष्पादन सूचकांक में भारत का स्थान वर्ष 2014 में 54 वें स्थान से सुधरकर वर्ष 2018 में 44वें स्थान पर पहुंच गया।

(iv) पूर्व एवं पश्च पोतलदान रुपये निर्यात ऋण पर ब्याज समकरण स्कीम को दिनांक 1.4.2015 से प्रारंभ किया गया जिसमें श्रम सघन/एमएसएमई क्षेत्रों के लिए 3 प्रतिशत ब्याज समकरण प्रदान किया जा रहा है। दिनांक 2.11.2018 से एमएसएमई क्षेत्रों के लिए दर को बढ़ाकर 5 प्रतिशत किया गया और दिनांक 2.1.2019 से स्कीम के अंतर्गत मर्चेन्ट निर्यातकों को शामिल किया गया।

(v) व्यापार करने की सुगमता को बढ़ाने के लिए आयातक निर्यातक कोडों (आईईसी) को ऑनलाइन जारी करना प्रारंभ किया गया है। विश्व बैंक में "व्यापार करने की सुगमता" में भारत का रैंक वर्ष 2014 में 142 से बेहतर होकर वर्ष 2019 में 63 हो गया तथा "सीमा पार व्यापार" में रैंक 122 से सुधरकर 80 हो गया।

(vi) देश में निर्यात अवसंरचना अंतर को पाटने के लिए दिनांक 1 अप्रैल, 2017 से एक नई स्कीम नामतः "निर्यात हेतु व्यापार अवसंरचना स्कीम (टीआईईएस)" को प्रारंभ किया गया।

(vii) दिनांक 6 दिसम्बर, 2018 को एक व्यापक "कृषि निर्यात नीति" प्रारंभ की गई जिसका लक्ष्य वर्ष 2022 तक किसानों की आय को दुगना करना तथा कृषि निर्यात को बल प्रदान करना है।

(viii) विनिर्दिष्ट कृषि उत्पादों के निर्यात हेतु परिवहन की उच्च लागत के नुकसान को कम करने के लिए एक नई स्कीम नामतः "परिवहन एवं विपणन सहायता" (टीएमए) प्रारंभ की गई है।

*****

अनुलग्नक –I

दिनांक 4 मार्च 2020 को उत्तर दिए जाने हेतु लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2165 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित विवरण

**मौजूदा वर्ष (अप्रैल, 2019 से जनवरी 2020) के दौरान माह–वार और क्षेत्र–वार भारत का निर्यात**

मूल्य अमेरिकी बिलियन डॉलर में

| क्षेत्र | अप्रैल, 19 | मई, 19 | जून, 19 | जुलाई, 19 | अगस्त,19 | सितम्बर, 19 | अक्तूबर, 19 | नवम्बर, 19 | दिसम्बर, 19 | जनवरी, 20 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1) यूरोप** | **5.09** | **5.78** | **5.13** | **4.91** | **5.14** | **4.92** | **4.95** | **4.65** | **5.36** | **5.34** |
| 1.1 यूरोपीय संघ के देश | 4.53 | 5.23 | 4.56 | 4.35 | 4.49 | 4.31 | 4.32 | 4.12 | 4.78 | 4.79 |
| 1.12 यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) | 0.13 | 0.16 | 0.21 | 0.12 | 0.17 | 0.13 | 0.12 | 0.10 | 0.13 | 0.12 |
| 1.3 अन्य यूरोपीय देश | 0.43 | 0.40 | 0.37 | 0.45 | 0.47 | 0.48 | 0.51 | 0.43 | 0.46 | 0.43 |
| **2) अफ्रीका** | **2.41** | **2.46** | **2.23** | **2.61** | **2.36** | **2.54** | **2.49** | **2.37** | **2.47** | **2.39** |
| 2.1 दक्षिणी अफ्रीकी सीमा शुल्क संघ (एसएसीयू) | 0.29 | 0.37 | 0.38 | 0.44 | 0.39 | 0.34 | 0.44 | 0.35 | 0.37 | 0.32 |
| 2.2 अन्य दक्षिण अफ्रीकी देश | 0.18 | 0.26 | 0.19 | 0.28 | 0.25 | 0.32 | 0.22 | 0.23 | 0.26 | 0.22 |
| 2.3 पश्चिम अफ्रीका | 0.70 | 0.66 | 0.60 | 0.69 | 0.63 | 0.73 | 0.69 | 0.74 | 0.69 | 0.72 |
| 2.4 मध्य अफ्रीका | 0.12 | 0.11 | 0.12 | 0.12 | 0.15 | 0.11 | 0.12 | 0.12 | 0.14 | 0.12 |
| 2.5 पूर्व अफ्रीका | 0.64 | 0.50 | 0.49 | 0.66 | 0.53 | 0.59 | 0.57 | 0.51 | 0.51 | 0.61 |
| 2.6 उत्तर अफ्रीका | 0.49 | 0.57 | 0.46 | 0.42 | 0.41 | 0.44 | 0.44 | 0.43 | 0.49 | 0.39 |
| **3) अमेरिका** | **5.31** | **6.36** | **5.62** | **5.85** | **5.91** | **5.74** | **5.93** | **5.75** | **6.28** | **5.95** |
| 3.1 उत्तर अमेरिका | 4.63 | 5.49 | 4.83 | 5.01 | 5.09 | 4.92 | 5.14 | 4.83 | 5.31 | 4.98 |
| 3.2 लैटिन अमेरिका | 0.68 | 0.87 | 0.79 | 0.84 | 0.83 | 0.82 | 0.79 | 0.93 | 0.98 | 0.97 |
| **4) एशिया** | **12.70** | **14.59** | **11.21** | **12.31** | **11.87** | **12.26** | **12.11** | **12.21** | **12.49** | **11.76** |
| 4.1 पूर्व एशिया (ओशनिया) | 0.23 | 0.27 | 0.26 | 0.34 | 0.33 | 0.28 | 0.27 | 0.26 | 0.36 | 0.25 |
| 4.2 आसियान | 3.07 | 3.16 | 2.17 | 2.79 | 2.65 | 2.54 | 2.51 | 2.62 | 2.51 | 2.45 |
| 4.3 पश्चिम एशिया–जीसीसी | 3.23 | 4.41 | 2.91 | 3.33 | 3.10 | 3.10 | 3.43 | 3.41 | 3.48 | 3.24 |
| 4.4 अन्य पश्चिम एशिया | 1.04 | 1.30 | 1.03 | 0.85 | 0.89 | 0.76 | 0.74 | 0.81 | 0.88 | 0.84 |
| 4.5 उत्तर पूर्व एशिया | 3.16 | 3.48 | 3.16 | 3.24 | 3.13 | 3.75 | 3.45 | 3.26 | 3.31 | 3.15 |
| 4.6 दक्षिण एशिया | 1.97 | 1.97 | 1.69 | 1.75 | 1.77 | 1.83 | 1.72 | 1.85 | 1.96 | 1.83 |
| **5) सीआईएस और बाल्टिक** | **0.27** | **0.34** | **0.32** | **0.36** | **0.36** | **0.32** | **0.39** | **0.39** | **0.35** | **0.33** |
| 5.1 सीएआर देश | 0.03 | 0.05 | 0.05 | 0.04 | 0.04 | 0.03 | 0.03 | 0.05 | 0.03 | 0.04 |
| 5.2 अन्य सीआईएस देश | 0.24 | 0.29 | 0.28 | 0.31 | 0.32 | 0.29 | 0.35 | 0.35 | 0.31 | 0.29 |
| **6) अविनिर्दिष्ट क्षेत्र** | **0.25** | **0.31** | **0.50** | **0.20** | **0.34** | **0.23** | **0.35** | **0.26** | **0.19** | **0.20** |
| **कुल** | **26.03** | **29.85** | **25.02** | **26.23** | **25.98** | **26.01** | **26.21** | **25.63** | **27.14** | **25.97** |

स्रोत : डीजीसीआईएंडएस, आंकड़े अनंतिम हैं।